# लखनऊ-मेरठ समेत तीन वंदे भारत शुरू

## शुभारंभ

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मेरठ से लखनऊ, मदुरै से बेंगलुरु और चेन्नई से नागरकोइल से जोड़ने वाली तीन नई वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उन्होंने कहा कि जब तक रेलवे सभी के लिए आरामदायक यात्रा की गारंटी नहीं बन जाती तब तक हम नहीं रुकेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वर्षों से अपनी कड़ी मेहनत के जरिए रेलवे ने काफी समय से लंबित समस्याओं के समाधान में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दक्षिणी राज्यों का तेजी से विकास महत्वपूर्ण है। तमिलनाडु और कर्नाटक के लिए बजटीय आवंटन में वृद्धि से दक्षिणी राज्यों में रेल परिवहन मजबूत हुआ है। आज देशभर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालन हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन नई वंदे भारत से लोगों का आवागमन आसान होगा। मंदिरों का शहर मदुरै अब सीधे आईटी सिटी बेंगलुरु से जुड़ जाएगा। चेन्नई से नागरकोइल वंदे भारत कनेक्टिविटी से आमजन को लाभ होगा।



मेरठ से लखनऊ के लिए शनिवार को रवाना हुई वंदे भारत ट्रेन।

## पर्यटन-व्यापार को भी बढ़ावा देगा यह उपहार : योगी

लखनऊ। प्रधानमंत्री के द्वारा यूपी के लोगों को दी गई इस सौगात पर मुख्यमंत्री योगी ने खुशी जाहिर की है। इससे पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, मेक इन इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत के स्वप्नद्रष्टा प्रधानमंत्री के यशस्वी मार्गदर्शन में देश की आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक विकास-यात्रा सतत जारी है।

## चारबाग में फूलों से स्वागत

लखनऊ। मेरठ से लखनऊ पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस का चारबाग में भव्य स्वागत किया गया। ट्रेन में सवार लोगों पर फूल बरसाए गए। › ब्योरा 04